आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 02.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में शुरू।
- केदारनाथ में फंसे श्रद्धालुओं का रेस्क्यू अभियान दूसरे दिन भी जारी। अब तक लगभग छह हजार तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।
- केंद्र ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत उत्तराखंड के लिए 201 करोड़ रुपए स्वीकृत किए।
- प्रदेश में पंचायत भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि को बढ़ाकर 20 लाख रूपये करने के निर्देश।

...........

राज्यपाल सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में हो रहा है। सभी राज्यों के राज्यपाल इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेन्द्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव और डॉक्टर मनसुख मांडविया भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय में मंत्रिमंडलीय सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

बैठक की कार्यसूची में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता तथा जनजातीय क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और विभिन्न खंडों या सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा माई भारत, एक भारत श्रेष्ठ

भारत और एक वृक्ष मां के नाम तथा प्राकृतिक खेती जैसे कई अभियानों में राज्यपालों की भूमिका पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार–विमर्श होगा।

## राहत और बचाव अभियान

केदारनाथ धाम को जाने वाले पैदल मार्गमें फंसे तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए आज दूसरे दिन भी राहत और बचाव अभियान जारी रहा। अब तक छह हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को सकुशल रेस्क्यू किया गया है। केदारनाथ धाम में फंसे तीर्थयात्रियों को रेस्क्यू करने के लिए भारतीय सेना के चिनूक और एमआई–17 हेलिकॉप्टर की मदद भी ली गई, लेकिन मौसम खराब होने के चलते हेलीकॉप्टर सुबह एक बार फंसे लोगों को लाने के बाद वापस उड़ान नहीं भर सका। हालांकि, एनडीआरफ, एसडीआरफ और पुलिस की मदद से पैदल रेस्क्यू अभियान लगातार जारी रहा। अभी भी करीब पांच सौ से ज्यादा श्रद्धालुओं के फंसे होने की सूचना है और सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। आज चलाए गए बचाव अभियान में एक हजार पांच सौ लोगों को पैदल मार्गों से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया और चार हेलीकॉप्टर के जरिए करीब छह सौ तीर्थयात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

वर्षा और भूस्खलन के कारण केदारनाथ यात्रा अगले आदेश तक रोक दी गई है।

केदारनाथ यात्रा के पैदल मार्ग के विभिन्न जगहों पर फंसे यात्रियों और स्थानीय लोगों के परिजनों के लिए पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। मोबाइल नम्बर 7 5 7 9 2 5 7 5 7 2 और और लैंडलाइन नम्बर 0 1 3 6 4 2 3 3 3 8 7 पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राहत और बचाव अभियान

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखण्ड आपदा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय को राज्य में तेज वर्षा और भूस्खलन के बाद की स्थिति से अवगत कराया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मुख्यमंत्री धामी से फोन पर बातचीत कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आई आपदा के विषय में जानकारी ली। इस दौरान गृह मंत्री ने प्रदेशवासियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज आंशिक तौर पर बादल छाए रहे। दोपहर बाद राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने कल चमोली और बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। वर्षा का यह दौर आने वाले दिनों में भी जारी रहने का अनुमान है।

इस बीच, बुधवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और पर्वतीय भूस्खलन के कारण पहाड़ी इलाकों में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सौ से अधिक सड़कें बंद हैं। साथ ही राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

आवाजाही शुरू

अल्मोड़ा जिले के मौलेखाल में रानीखेत–खैरना–रामनगर राजकीय राजमार्ग पर 25 दिन बाद आवाजाही शुरू हुई हो गई है। कुमाऊं को गढ़वाल से जोड़ने वाले प्रमुख रानीखेत–खैरना–रामनगर राजमार्ग पर छह जुलाई को भारी बारिश से ब्रिटिशकालीन पुल बह गया था। पुल बहने से इस मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई थी।

धनराशि स्वीकृत

पंचायतों में सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत केंद्र ने उत्तराखंड के लिए 201 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि का प्रयोग राज्य की पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए किया जाएगा। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने धनराशि स्वीकृत करने पर केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री का आभार जताया है।

## सुनियोजित विकास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुनियोजित विकास के लिए हर विकासखण्ड में पांच–पांच गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में श्री धामी ने अधिकारियों को मानक तय कर पंचायत भवनों का निर्माण करने को कहा। पंचायत भवनों के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की जा रही 10 लाख रुपए की धनराशि को बढ़ाकर 20 लाख रूपये करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। ग्राम पंचायतों में बनाए जाने वाले पंचायत भवनों को पर्वतीय शैली में बनाने पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि इन भवनों में उत्तराखण्ड की विरासत की झलक देखने को मिलनी चाहिए। उन्होंने पंचायत भवनों के लिए उचित स्थलों का चयन करने को कहा ताकि उनका ग्राम पंचायतों में सदुपयोग हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर और हाई स्पीड इन्टरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## समीक्षा

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न राजकीय विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक एलटी के पदों पर तैनात अतिथि शिक्षकों को मण्डल परिवर्तन का मौका मिलेगा। अतिथि शिक्षकों को मातृत्व अवकाश भी दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि अतिथि शिक्षक बार–बार प्रभावित न हों, इसके लिये उन्हें पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न ब्लॉकों के दूरस्थ विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष न्यूनतम तीन वर्ष के लिये तैनाती दी जायेगी। इसके लिये अतिथि शिक्षकों को अनुबंध पत्र के साथ ही विकल्प देना होगा। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दे दिये गये हैं।

## जलाभिषेक

श्रावण मास की शिवरात्रि पर आज प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। नीलकंठ महादेव सहित पौराणिक शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को लंबी कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे।

शूटिंग रेंज

उत्तराखंड की पहली अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में अक्तूबर तक बनकर तैयार हो जाएगी। इसमें 10, 25 और 50 मीटर की तीन अलग–अलग रेंज तैयार हो रही हैं, जिनमें शूटिंग टारगेट, एचवीएसी, बैफल, फ्लोरिंग, फायर फाइटिंग, लिफ्ट, लाइटिंग का काम चल रहा है। खेल निदेशालय के निदेशक जितेंद्र सोनकर ने बताया कि देहरादून में अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज बनने से उत्तराखंड और आस–पास के राज्यों के खिलाड़ियों को दूर–दराज स्थित शूटिंग रेंज में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज बनने से बेहतर खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे।

मंजूरी

पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक में स्थित गुरू गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विज्ञान संकाय की मंजूरी दे दी है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने बताया कि गुरू गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विज्ञान वर्ग की कक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए छह असिस्टेंट प्रोफेसर और आठ अन्य पदों के सृजन की मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला परिचर के पदों को नियम मानदेय के आधार पर आउटसोर्स के जरिए भरा जायेगा, जिसका शासनादेश शीघ्र ही जारी कर दिया जायेगा।

पॉली हाउस खेती

चमोली जिले में पॉली हाउस की खेती किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। काश्तकार बेमौसमी सब्जी और फूलों का उत्पादन कर हर साल 50 से 70 हजार रुपये की आय प्राप्त कर रहे हैं। चमोली के ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक डीपी डंगवाल ने बताया कि जिले में वर्ष 2023–24 से अब तक 257 काश्तकारों को पॉलीहाउस योजना से लाभान्वित किया गया है। श्री डंगवाल ने बताया कि वर्ष 2023–24 में विभाग को पॉलीहाउस के लिए जिला योजना मद से 1 करोड़ 60 लाख की धनराशि प्राप्त हुई जिसके तहत विभाग ने 90 फीसदी सब्सिडी पर जिले के 257 काश्तकारों को योजना से लाभांवित किया गया।

.............